VICTERS CHANNEL DIGITAL CLASS : 14-07-2021

STD : 10 HINDI EPISODE : 4

निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें

1) बेला और साहिल कितने दर्जे में पढ़ते थे?

उत्तर : पाँचवें दर्जे में |

2) बेला के पापा उसे किस पाठशाला में पढ़ाना चाहते हैं?

उत्तर : राजकीय कन्या पाठशाला में ।

3) साहिल कहाँ पढेगा ?

उत्तर : साहिल अजमेर में पढेगा । वह घर से दूर हॉस्टल में रहकर पढ़ेगा ।|

4) बेला क्या जानना चाहती है ?

उत्तर : बेला जानना चाहती है कि साहिल के घरवाले उसे क्यों अजमेर भेजना चाहते हैं |

5) रिपोर्ट कार्ड देखने का वर्णन कहानीकार ने कैसे किया है?

उत्तर : साहिल बेला का रिपोर्ट कार्ड देख रहा था और बेला साहिल का । आज आखिरी बारी वे एक दूसरे की कोई चीज़ को छूकर देख रहे थे ।

6) स्कूल के अंतिम दिन साहिल और बेला आपस में क्या देख रहे थे?

उत्तर : रिपोर्ट कार्ड |

7) रिज़ल्ट आने पर बेला और साहिल उदास थे? क्यों?

उत्तर : अगले साल बेला और साहिल दोनों अलग अलग स्कूलों में पढ़ने वाले थे। इसलिए दोनों उदास थे।

8) यह बारिशों से पहले की बारिश का एक दिन था। कहानी के प्रसंग में यह कैसे सार्थक होता है?

उत्तर : यहाँ बारिश एक प्रतीक है। सच्चे मित्र साहिल और बेला आगे की पढ़ाई के लिए अलग हो जाने वाले हैं। इस वियोग के बारे में वे आपस में बताकर बहुत दु:खी हुए। उनकी आँखे भर गयी। संयोग से उस समय बारिश हो रही थी। साहिल की आँखों से भी पानी बरस रहा है। यहाँ कहानीकार ने बच्चों की रोनी सूरत को प्रकृति के साथ दिखाया है। बच्चों की आंखों में पानी है। बाहर की प्रकृति भी उनके साथ है।

9) कहानी की घटनाओं को सूचीबद्ध करें ।

* बेला और साहिल का बीरबहटियों को खोजना
* पैन में स्याही भरने दुकान जाना
* सुरेंदरजी का बेला से क्रोध प्रकट करना
* बेला के सिर पर चोट लगना
* साहिल के पैर पर चोट लगना
* पाँचवी कक्षा का रिजल्ट आना
* बेला और साहिल का एक दूसरे से अलग होना

10) पटकथा की विशेषताएँ क्या क्या है?

◇ पटकथा में एक प्रसंग चाहिए |

◇ स्थान और समय का उल्लेख

◇ पात्र और पात्र की आयु, वेशभूषा, चाल- चलन आदि का उल्लेख

◇ दृश्य का विवरण

◇ स्वाभाविक और पात्रानुकूल संवाद

11) पाँचवीं कक्षा का रिजल्ट आ गया | साहिल बेला का रिपोर्ट कार्ड देख रहा था और बेला साहिल का। इस प्रसंग के आधार पर पटकथा का एक दृश्य तैयार करें।

दृश्य

स्थान : स्कूल का मैदान

समय: सुबह लगभग 10 बजे

पात्र - 1. बेला - करीब ग्यारह साल की लड़की। स्कूल यूनिफॉर्म में ।

2. साहिल- करीब ग्यारह साल का लड़का ।स्कूल यूनिफॉर्म में ।

(साहिल और बेला एक दूसरे का रिपोर्ट कार्ड देख रहे हैं।)

बेला (दु;ख से) : अब तुम कहाँ पढ़ोगे?

साहिल (दुःख से) : और तुम कहाँ पढोगे बेला?

बेला : राजकीय कन्या पाठ शाला में ।

साहिल : मुझे अगले साल अजमेर भेज देंगे।

बेला : अब तुम यहाँ नहीं रहोगे ?

साहिल: तुम्हारी आँखों में आंसू क्यों आ रहे हैं बेला ?

बेला: (डबडबाई आँखों से हँसकर) मुझे क्या पता ?

(साहिल की आँखे दुःख से लाल होती है ।)

कठिन शब्दार्थ

आखिरी - അവസാനത്തെ

बारी –തവണ

आँसू - കണ്ണുനീർ

डबडबाना - കണ്ണീർ നിറഞ്ഞതാവുക

घटा - बादलों का समूह

धूल - പൊടി

भूरा - തവിട്ട് നിറമുള്ള

डेढ़- ഒന്നര